6 फरवरी 2026
शुक्रवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



स्थापना शाखा में जिलाधिकारी ने लापरवाही पर जताई सख्त नाराजगी

3



## एक नजर

### बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर जन सुराज पार्टी कोर्ट पहुंची

**नई दिल्ली।** पूर्व चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी ने बिहार विधानसभा चुनाव, 2025 को चुनौती देते हुए राज्य में नए सिरे से चुनाव कराने का अनुरोध करते हुए उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की है। इस मामले की सुनवाई शुक्रवार को प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ के समक्ष होने की संभावना है। यह मामला शुक्रवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध होने की संभावना है। याचिका पर जस्टिस सूर्यकांत और जॉयमाल्या बागची की पीठ सुनवाई कर सकती है। याचिका में जन सुराज पार्टी ने बिहार सरकार पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया है। पार्टी का कहना है कि चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत महिलाओं के खातों में 10-10 हजार रुपये की राशि सीधे ट्रांसफर की गई, जो चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने वाला कदम है।

### बंगाल में 21-40 की उम्र के बेरोजगारों को 1500 मिलेंगे

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में 21-40 साल की आयु वर्ग के बेरोजगार लोगों को 1,500 रुपए का मासिक भत्ता दिया जाएगा। सीएम ने कहा कि अगर उनकी सरकार सत्ता में दोबारा आती है ते यह योजना 15 अगस्त से शुरू की जाएगी। सरकारी कर्मचारियों को मिलने वाले में डियरनेस अलाउंस(ऊअ) में भी 4% की बढ़ोतरी की गई है। वहीं, लक्ष्मी भंडार योजना के तहत भी 500 रुपए बढ़ाए गए हैं। इसमें अभी तक सामान्य वर्ग की महिलाओं को 1,000 रुपए और रउ/रळ महिलाओं को 1,200 रुपए दिए जाते थे। पश्चिम बंगाल सरकार ने गुरुवार को राज्य विधानसभा में 2026-27 वित्तीय वर्ष के लिए 4.06 लाख करोड़ रुपए का अंतरिम बजट पेश किया। राज्य में तीन महीने में विधानसभा चुनाव होने हैं।सीएम ने आरोप लगाया कि केंद्र पर पश्चिम बंगाल का लगभग 2 लाख करोड़ रुपये का वैध बकाया है।

# मेघालय में अवैध कोयला खदान में धमाका, 16 की मौत

- कई मजदूरों के फंसे होने की आशंका, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी



**एजेंसी। शिलौंग**

मेघालय के ईस्ट जैंतिया हिल्स जिले में गुरुवार को अवैध कोयला खदान में धमाका हो गया। हादसे में कम से कम 16 मजदूरों की मौत हो गई। कई मजदूरों के अब भी खदान में फंसे होने की आशंका है। यह जानकारी राज्य की पुलिस महानिदेशक आई. नोंग्रांग ने दी। बचाव दल राहत और खोज अभियान में लगे हुए हैं। यह हादसा सुबह थांग्स्कु इलाके में हुआ। पुलिस महानिदेशक ने कहा,अब तक 16 शव बरामद किए जा चुके हैं। धमाके के समय खदान के अंदर कितने मजदूर थे, यह अभी साफ नहीं है। और लोगों के फंसे होने की आशंका है। धमाके का कारण के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है और मामले की जांच की जा रही है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने हादसे पर दुख जताते हुए पीएम नेशनल रिलीफ फंड से हर मृतक के परिवार को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए देने का ऐलान किया है।स्ट जैंतिया हिल्स के रढ विकाश कुमार ने बताया कि एक घायल व्यक्ति को पहले सुतंगा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए शिलांग के अस्पताल में रैफर किया गया। पुलिस के मुताबिक विस्फोट कोयला खनन के दौरान हुआ और यह खदान अवैध रूप से चल रही थी।रैट-होल माइनिंग में बहुत संकरी सुरंगें खोदी जाती हैं, जिनकी ऊंचाई आमतौर पर 3-4 फीट होती है। मजदूर इन्हीं सुरंगों में घुसकर कोयला निकालते हैं। ये सुरंगें इतनी छोटी होती हैं कि उनमें एक समय में केवल एक व्यक्ति ही जा सकता है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (NGT) ने साल 2014 में मेघालय में रैट-होल कोयला खनन और अन्य अवैज्ञानिक खनन तरीकों पर रोक लगा दी थी। यह रोक पर्यावरण को होने वाले नुकसान और मजदूरों की सुरक्षा को देखते हुए लगाई गई थी। साथ ही, ऐसे तरीकों से निकाले गए कोयले के अवैध परिवहन पर भी प्रतिबंध लगाया गया था। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने भी इस प्रतिबंध को बरकरार रखा और केवल वैज्ञानिक, नियंत्रित और पर्यावरण सुरक्षा के नियमों के तहत ही खनन की अनुमति दी।

# राहुल गांधी को संसद में बोलने से रोकने के खिलाफ एकजुट हुआ विपक्ष

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी को धन्यवाद प्रस्ताव पर नहीं बोलने देने का आरोप लगाते हुए विपक्षी दलों ने राज्यसभा में भी इसको लेकर सरकार पर न केवल हमला बोला बल्कि बुधवार को अभूतपूर्व एकजुटता दिखाते हुए वाकआउट कर अपना विरोध दर्ज कराया। राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि सरकार अपनी गलतियों को छिपाने के लिए एक सदन को पंगु बनाकर उसे चलने नहीं दे रही और चार दिन से राहुल गांधी को बोलने नहीं दिया जा रहा जो देश और लोकतंत्र के लिए बिल्कुल भी अच्छा नहीं है। राज्यसभा में खरगे ने भी पूर्व सेना प्रमुख जनरल नरवणे की उसी अप्रकाशित पुस्तक का हवाला देने का प्रयास किया जिसका प्रयास राहुल गांधी ने लोकसभा में किया था। मगर सभापति ने अनुमति नहीं दी तब खरगे उन्होंने सत्तापक्ष के विरोध के बीच सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि पिछले चार दिनों से लोकसभा काम नहीं कर पा रही है क्योंकि वहां विपक्ष के नेता को बोलने नहीं दिया जा रहा है। लोकसभा में राहुल गांधी को धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलने से रोकने के विरोध में विपक्षी दलों ने राज्यसभा से वाकआउट किया।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर साधा निशाना कहा,

# चोरी करना पुश्तैनी धंधा है, इन्होंने तो गुजराती गांधी जी का सरनेम भी चुरा लिया



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नेहरू-गांधी परिवार पर निशाना साधते हुए कहा कि चोरी करना इनका पुश्तैनी धंधा है। इन्होंने गुजराती गांधी जी का सरनेम चुरा लिया। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का राज्यसभा में जवाब देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज मेरा देश पूरा सामर्थ्य दिखा रहा है। यह तब होता है जब आपके पास आर्थिक सामर्थ्य हो, आपके नागरिकों में देश के प्रति ऊर्जा हो, और खासकर मैन्युफैक्चरिंग के लिए एक मजबूत इको-सिस्टम हो, तभी विश्व आपके साथ डील करने के लिए आगे आता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वोट बैंक की राजनीति में डूबे हुए लोगों ने कभी भी देश के ऐसे अनेक पहलुओं को मजबूती देना प्राथमिकता नहीं समझा। जहां तक कांग्रेस पार्टी का सवाल है, मैं साफ-साफ कहना चाहता हूं कि न तो उनके पास कोई सोच थी, न कोई विजन और न ही कोई इच्छाशक्ति थी। पीएम मोदी ने कहा कि हाल ही में हुए व्यापार समझौतों से हमारे युवाओं को बहुत लाभ होगा। इसमें ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के युवा, साथ ही मध्यम वर्ग के युवा भी शामिल हैं, हमारे बेटे और बेटियां। वैश्विक बाजार अब उनके लिए खुल चुका है, और नए अवसर उनका इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं अपने युवाओं को आश्वस्त करना चाहता हूं कि मैं आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा हूं, और दुनिया आपकी प्रतिभाओं और महत्वाकांक्षाओं का स्वागत करने के लिए तैयार है।

### व्यापार समझौतों से हमारे युवाओं को बहुत लाभ होगा

पीएम मोदी ने कहा कि हाल ही में हुए व्यापार समझौतों से हमारे युवाओं को बहुत लाभ होगा। इसमें ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के युवा, साथ ही मध्यम वर्ग के युवा भी शामिल हैं, हमारे बेटे और बेटियां। वैश्विक बाजार अब उनके लिए खुल चुका है, और नए अवसर उनका इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं अपने युवाओं को आश्वस्त करना चाहता हूं कि मैं आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा हूं, और दुनिया आपकी प्रतिभाओं और महत्वाकांक्षाओं का स्वागत करने के लिए तैयार है।

### कांग्रेस की गलतियों को ठीक करने काफी शक्ति लगी

पीएम मोदी ने कहा कि हमारी काफी शक्ति उनकी (कांग्रेस) गलतियों को ठीक करने में जा रही है। दुनिया के मन में जो उनके समय की छवि है, उस छवि को धोने में लगी हुई है, क्योंकि उन्होंने देश को उसी हालत में छोड़ दिया था। और इसी काम के लिए हमने फ्यूचर-रेडी पॉलिसी पर बल दिया है। आज आपने देखा होगा कि देश नीति के आधार पर चल रहा है। उसी कारण आज विश्व में देश पर विश्वास बन रहा है। आज देश रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार हो चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यहां तक कि सबसे विकसित देश भी अपने देशों से अवैध अप्रवासियों को निकाल रहे हैं। लेकिन यहां, इन घुसपैठियों को संरक्षण देने के लिए अदालतों पर अनुचित दबाव डाला जा रहा है... ये घुसपैठिए हमारे युवाओं को उनके अधिकारों और आजीविका से वंचित कर रहे हैं, और वे आदिवासी समुदायों की वास्तविक भूमि पर कब्जा कर रहे हैं। फिर भी, ऐसे लोग यहां आकर हमें उपदेश देते हैं!

# ओम बिरला के दावे पर भड़कीं प्रियंका



**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने गुरुवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के पीछे "छिप रहे हैं। उन्होंने पीएम मोदी को नुकसान पहुंचाने की किसी भी योजना के दावे को "पूरी तरह झूठ" बताया। उनकी यह टिप्पणी बिरला के लोकसभा में दिए गए बयान के बाद आई, जिसमें उन्होंने कहा था कि पक्की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने मोदी से सदन में भाषण देने के लिए न आने को कहा था, क्योंकि कई कांग्रेस सांसद प्रधानमंत्री की सीट के पास पहुंचकर कोई "अप्रत्याशित हरकत" कर सकते थे। गुरुवार को विपक्षी सदस्यों पर नाराजगी जताते हुए स्पीकर ने यह भी कहा कि बुधवार को उनके कार्यालय में कुछ सांसदों का व्यवहार अनुचित था और इसे उन्होंने उस घटना को एक काले धब्बे जैसा बताया। इन आरोपों पर पलटवार करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि सरकार स्पीकर से यह सब कहलवा रही है, क्योंकि बुधवार को प्रधानमंत्री में सदन में आने की हिम्मत नहीं थी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, यह सरासर झूठ है। प्रधानमंत्री को नुकसान पहुंचाने या ऐसी किसी भी बात का सवाल ही नहीं उठता। ऐसी कोई योजना थी ही नहीं। उन्होंने आगे कहा कि यदि सत्तापक्ष अपने सदस्यों को मनमानी करने, किताबें कोट करने और अनर्गल बातें कहने की छूट देगा, तो विपक्ष विरोध करेगा। प्रियंका गांधी ने तीखे अंदाज में कहा, लेकिन अगर आप अपने सदस्यों को किताबें कोट करने, बकवास करने देंगे, तो विपक्ष विरोध करेगा। मुझे माफ करें, प्रधानमंत्री स्पीकर के पीछे छिप रहे हैं। वे स्पीकर से यह सब कहलवा रहे हैं क्योंकि कल उनमें सदन में आने की हिम्मत नहीं थी।

# मणिपुर में नई सरकार के गठन के 24 घंटे के अंदर भड़की हिंसा

**एजेंसी। इंफाल/चुराचांदपुर**

मणिपुर में नई सरकार के गठन के महज 24 घंटे के भीतर ही एक बार फिर से हिंसा भड़क उठी है। राज्य के मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में हालात अचानक तनावपूर्ण हो गए, जहां सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन देखने को मिला। शाम को हालात और बिगड़ गए, जब प्रदर्शनकारियों को खदेड़ने के लिए सुरक्षाबलों को हल्का बल का प्रयोग करना पड़ा। हालांकि, विरोध प्रदर्शन सुबह से ही जारी गए थे। लेकिन प्रदर्शनकारियों का आक्रोश उस समय और भड़क उठा, जब कुकी विधायकों की तरफ से नई सरकार को समर्थन दिए जाने की जानकारी सामने आई। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि विधायकों ने समुदाय की भावना की अनदेखी करते हुए यह कदम उठाया है, जबकि क्षेत्र में अलग प्रशासनिक व्यवस्था की मांग लंबे समय से उठती रही है। प्रदर्शनकारियों ने साफ कहा कि जब तक अलग प्रशासन की उनकी मांग पूरी नहीं होती, तब तक इस सरकार को स्वीकार नहीं करेंगे। हालात उस समय बिगड़े जब कुकी विधायकों की मौजूदगी में सरकार गठन की प्रक्रिया पूरी हुई। इसमें उपमुख्यमंत्री नेमचा किपगेन, विधायक एलएम खौटे और नगुरसांगलुर सानाते शामिल थे। प्रदर्शनकारियों ने इस घटनाक्रम को समुदाय की आकांक्षाओं के साथ विश्वासघात करार दिया। जानकारी के मुताबिक आंदोलन ने उस समय गंभीर मोड़ ले लिया, जब दो प्रदर्शनकारियों द्वारा कथित तौर पर आत्मदाह का प्रयास किए जाने की सूचना मिली। हालांकि, मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने समय रहते हस्तक्षेप कर स्थिति को संभाल लिया, जिससे कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। शाम करीब छह बजे के बाद हालात एक बार फिर बिगड़े और छिटपुट झड़पों की घटनाएं सामने आईं। इन झड़पों में कई प्रदर्शनकारियों के घायल होने की भी पुष्टि हुई है, हालांकि किसी की हालत गंभीर नहीं बताई जा रही है।






# खुले कुएं ने ली जान, चौसा में कुआं से युवक का शव बरामद, कई सवालों के बीच जांच शुरू

**केटी न्यूज/चौसा**

चौसा नगर पंचायत के विश्वकर्मा मंदिर के पास स्थित एक पुराने और खुले कुएं ने गुरुवार की सुबह एक परिवार की खुशियां छीन लीं। मुफस्सिल थाना क्षेत्र में कुएं से युवक का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सुबह जैसे ही लोगों की नजर कुएं में पड़े शव पर पड़ी, खबर आग की तरह फैल गई और देखते ही देखते मौके पर भीड़ जुट गई।

सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों के सहयोग से शव को कुएं से बाहर निकाला गया। पहचान होने पर मृतक नरबतपुर गांव निवासी खोभारी राम के 42 वर्षीय पुत्र संजय राम के रूप में हुई। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।



घटना को लेकर सामने आ रही प्रारंभिक जानकारी कई सवाल खड़े कर रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि संजय राम बुधवार की रात लघुशंका के लिए घर से निकले होंगे। अंधेरा और कुएं के चारों ओर सुरक्षा इंतजाम नहीं होने के कारण वह असंतुलित होकर सीधे कुएं में गिर गए होंगे। चूंकि कुआं एक सुनसान जगह पर है, इसलिए रात भर किसी को इसकी भनक नहीं लगी।

सुबह एक पत्थर की पटिया बेचने वाले व्यक्ति की नजर कुएं में पड़े शव पर पड़ी, जिसके बाद पुलिस और ग्रामीणों को सूचना दी गई। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि बुधवार की शाम क्षेत्र में रविदास प्रतिमा का विसर्जन किया गया था। इस दौरान देर रात तक उत्सव का माहौल बना रहा, नाच-गाना चलता रहा और संजय राम भी उसमें शामिल थे। इसी वजह से घटना का समय और परिस्थितियां जांच के दायरे में हैं। इस पूरे मामले ने एक बार फिर खुले कुओं और जर्जर संरचनाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अगर कुएं को ढंका गया होता या चेतावनी के संकेत लगे होते, तो शायद यह हादसा टल सकता था।

अपर थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। फिलहाल चौसा में शोक और आक्रोश का माहौल है, और लोग प्रशासन से ऐसे खतरनाक कुओं को तत्काल सुरक्षित करने की मांग कर रहे हैं।

## डुमरांव पुलिस को जंगलीनाथ शिवमंदिर रोड से जबकि कोरान सराय पुलिस को कनझरूआ जंगल डेरा से मिली सफलता

# डुमरांव व कोरानसराय में चोरी की बाइक के साथ दो शातिर चोर गिरफ्तार, जेल

- पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/डुमरांव**

बाइक चोरी के खिलाफ अनुमंडल के डुमरांव व कोरानसराय पुलिस को सफलता हाथ लगी है। दोनों थानों की पुलिस ने अपने-अपने थाना क्षेत्र में चोरी की बाइक के साथ एक-एक चोरों को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार डुमरांव पुलिस ने नगर के जंगलीनाथ शिवमंदिर रोड से चोरी की बाइक के साथ एक शातिर चोर को पकड़ा है। आवश्यक पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

गिरफ्तार चोर की पहचान डुमरांव के लालगंज कड़वी निवासी सुनील कुमार राय उर्फ गोलू पिता जनार्दन राय के रूप में हुई है। उसके पास से चोरी की हीरो स्पलेंडर प्लस बाइक



बरामद हुई है। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि 11 जनवरी के पूर्वी रेलवे क्रासिंग के समीप स्थित ट्रामा सेंटर के बाहर से कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के कठार खुर्द गांव निवासी अमन कुमार सिंह की बाइक चोरी हो गई थी। अमन ने इस मामले में डुमरांव थाने में अज्ञात चोरों क खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया था। एफआईआर दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही थी। इसी दौरान बुधवार की शाम सूचना मिली कि एक युवक चोरी की बाइक लेकर जंगलीनाथ शिवमंदिर की तरफ जा रहा है। इस सूचना पर तत्काल एक टीम गठित कर उसे पकड़ा गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार सुनील शातिर चोर है तथा उसका अपराधिक रिकार्ड है। वह चोरी के मामले में पूर्व में दो बार जेल जा चुका है। वहीं, स्थानीय सूत्रों का कहना है कि वह मादक पदार्थो का आदि है तथा नशे की लत पूरा करने के लिए अक्सर चोरियां करता है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गुरूवार को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस उससे पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### पिछले साल बलिया से चोरी हुई बाइक कोरानसराय से बरामद

दूसरी तरफ कोरानसराय पुलिस ने थाना क्षेत्र के कनझरूआं जंगल डेरा से चोरी की एक बाइक के साथ एक चोर को पकड़ा है। गिरफ्तार चोर की पहचान स्थानीय गांव निवासी दिलीप कुमार यादव के रूप में हुई है।

थानाध्यक्ष माधुरी कुमारी ने बताया कि यह बाइक यूपी के बलिया भगवानपुर निवासी शशि कुमार की है, जिसे दिलीप ने पिछले साल ही चुराया था। थानाध्यक्ष ने बताया कि वे किसी मामले में छापेमारी करने गई थी, इसी दौरान उसके घर बिना नंबर की बाइक देख शक हुआ तथा चेचिस नंबर से पड़ताल की गई तो जानकारी मिली कि यह बाइक चोरी की है। जिसके बाद दिलीप को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## इलाज कराने टुड़ीगंज आए इटाढ़ी के युवक की बाइक चोरी

**कृष्णाब्रह्म।** स्थानीय थाना क्षेत्र के टुड़ीगंज बाजार से दिनदहाड़े बाइक चोरी की वारदात सामने आई है। इलाज कराने बाजार पहुंचे एक युवक की बाइक अज्ञात चोरों ने मौका पाते ही उड़ा ली। घटना के बाद बाजार क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और लोगों में सुरक्षा को लेकर नाराजगी देखी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ईटाढ़ी थाना क्षेत्र के मदनडीहरा गांव निवासी विनोद कुमार बुधवार को अपनी बाइक से टुड़ीगंज बाजार इलाज कराने आए थे। उन्होंने बाइक को बाजार में खड़ा कर डॉक्टर के यहां इलाज के लिए अंदर चले गए। कुछ देर बाद जब वे लौटे तो खड़ी की गई बाइक मौके से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं मिला। घटना की सूचना मिलते ही कृष्णाब्रह्म थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ की। बाइक मालिक के लिखित बयान के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस का कहना है कि बाजार क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और जल्द ही चोरों तक पहुंचने का प्रयास किया जाएगा।

## एक नजर

### आठ सूत्री मांगों को लेकर अंचलाधिकारियों का अनिश्चितकालीन सामूहिक अवकाश, कामकाज ठप




**केसठ।** बिहार राजस्व सेवा संघ के आह्वान पर अंचलाधिकारी अपनी आठ सूत्री मांगों के समर्थन में अनिश्चितकालीन सामूहिक अवकाश पर चले गए हैं। अंचलाधिकारियों के अवकाश पर चले जाने से अंचल कार्यालय का कामकाज पूरी तरह से प्रभावित हो गया है।अवकाश के कारण दाखिल खारिज, जाति, आय एवं निवास प्रमाण पत्र निर्गत करने, भूझराजस्व वसूली, भूमि विवाद निपटारा सहित अन्य महत्वपूर्ण राजस्व संबंधी कार्य पूरी तरह ठप हो गए हैं। स्थिति यह है कि दूरझदराज और सुदूर गांवों से अपने कार्यों के लिए अंचल कार्यालय पहुंचे लोगों को बिना काम कराए ही वापस लौटना पड़ रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि वे काफी दूरी तय कर अंचल कार्यालय पहुंचे थे, लेकिन अधिकारियों के सामूहिक अवकाश पर रहने के कारण उन्हें निराश होकर लौटना पड़ा। इससे सबसे अधिक परेशानी गरीब, मजदूर, वृद्ध एवं जरूरतमंद लोगों को हो रही है, जिनके कार्य राजस्व कार्यालय से सीधे जुड़े होते हैं।

बिहार राजस्व सेवा संघ ने स्पष्ट किया है कि जब तक सरकार द्वारा उनकी आठ सूत्री मांगों पर ठोस और सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक अनिश्चितकालीन सामूहिक अवकाश जारी रहेगा।गौरतलब है कि विगत 29 जनवरी को हुई मंत्री परिषद की बैठक में लिए गए निर्णय क्रमांक 23 एवं 30 के आलोक में अंचलाधिकारियों ने यह कदम उठाया है। फिलहाल अंचल कार्यालयों में सन्नाटा पसरा हुआ है और आम जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

## मवेशी तस्करी की कोशिश नाकाम ग्रामीणों की सतर्कता से खुला पूरा खेल

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव थाना क्षेत्र के किसागर और गरहथा गांव के बीच गुरुवार को मवेशी तस्करी की एक सुनियोजित कोशिश उस समय नाकाम हो गई, जब ग्रामीणों की सतर्क नजर और गौ रक्षा समिति की सक्रियता ने पूरे मामले का पदार्फाश कर दिया। सामान्य आवाजाही के बीच गुजर रही एक पिकअप वाहन ने ग्रामीणों को तब संदेह में डाल दिया, जब उसके अगले हिस्से से नंबर प्लेट गायब पाई गई। ग्रामीणों ने वाहन को रोककर जब जांच की तो अंदर मवेशियों को अमानवीय तरीके से लादकर रखा गया था। पूछताछ के दौरान चालक और उसके साथी ने मवेशियों को चौसा मेला ले जाने की बात कही, लेकिन न तो उनके पास कोई वैध कागजात थे और न ही वाहन की स्थिति इस दावे की पुष्टि कर रही थी। इससे ग्रामीणों को तस्करी की आशंका और पुख्ता हो गई। मामले की जानकारी तुरंत डायल 112 पर दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों और गौ रक्षा समिति के सहयोग से वाहन को कब्जे में लेते हुए दोनों संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। इसके बाद उन्हें ब्रह्मपुर थाना को सौंप दिया गया। थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार ने बताया कि टाटा मैजिक मालवाहक वाहन से तीन गायें बरामद की गई हैं। पकड़े गए आरोपितों की पहचान ब्रजेश राजभर, ग्राम मालवा, पोस्ट नावानगर और प्रेम नारायण राय, ग्राम चढ़ावा बड़वा, दोनों उत्तर प्रदेश निवासी के रूप में हुई है। प्रारंभिक पूछताछ में कई अहम सुराग मिले हैं, जिनके आधार पर तस्करी नेटवर्क की कड़ियां खंगाली जा रही हैं।

पुलिस ने बरामद गायों को सुरक्षित करते हुए आदर्श गौशाला, बक्सर भेज दिया है। थानाध्यक्ष के अनुसार, यह मामला केवल एक वाहन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके पीछे संगठित गिरोह की भूमिका की भी जांच की जा रही है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी है और कानूनी प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही

# ग्रेड-पे से लेकर पेंशन तक, 17 सूत्री मांगों पर राजस्व कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ फूंका बिगुल



- बिना सुविधा, बिना संसाधन 12 घंटे काम, राजस्व कर्मियों ने बताया प्रशासनिक शोषण

**केटी न्यूज/बक्सर**

राजस्व व्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले कर्मचारी खुद को आज सबसे अधिक उपेक्षित और शोषित महसूस कर रहे हैं। बिहार राज्य राजस्व एवं भूमि सुधार कर्मचारी संघ (गोप गुट) के आह्वान पर गुरुवार को बक्सर जिला मुख्यालय स्थित बाजार समिति के गृहरक्षा वाहिनी प्रांगण में आयोजित एक दिवसीय महाधरना इसी आक्रोश की सार्वजनिक अभिव्यक्ति बन गया। धरने में जिले के सभी अंचलों से पहुंचे राजस्व कर्मचारियों ने सरकार की नीतियों और विभागीय रवैये पर गंभीर सवाल खड़े किए। जिला अध्यक्ष राहुल सिंह के नेतृत्व में कर्मचारियों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उनसे मानवीय क्षमता से परे काम लिया जा रहा है, लेकिन बदले में न तो सम्मान मिल रहा है और न ही सुविधाएं।

### ग्रेड-पे 1900 जिम्मेदारी 4200 की

धरने को संबोधित करते हुए राहुल सिंह ने कहा कि राजस्व कर्मचारी जमीन से जुड़े हर संवेदनशील कार्य म्यूटेशन, जमाबंदी, सर्वे, दाखिल-खारिज, आपदा राहत की जिम्मेदारी निभा रहे हैं, लेकिन उनका ग्रेड-पे आज भी 1900 पर अटका हुआ है। संघ की मांग है कि इसे तत्काल 2800 किया जाए और स्नातक योग्यता वाले कर्मियों को 4200 ग्रेड-पे दिया जाए। उन्होंने कहा कि एक कर्मचारी, एक हल्का होना चाहिए, लेकिन हकीकत यह है कि एक कर्मी को 3 से 5 हल्का संभालना पड़ रहा है। यह प्रशासनिक लापरवाही नहीं, सीधा शोषण है।

### सुबह 6 से शाम 6 तक ड्यूटी, छुट्टी भी ड्यूटी डे

कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि उनसे बिना किसी अतिरिक्त भत्ता या संसाधन के सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक काम कराया जा रहा है। त्योहार, रविवार या अवकाश कुछ भी राहत नहीं देता। ऊपर से बायोमेट्रिक उपस्थिति, बेवजह शो-कॉज और दंडात्मक कार्रवाई ने कर्मचारियों पर मानसिक दबाव और बढ़ा दिया है।

### 17 सूत्री मांगों में ये प्रमुख बिंदु

धरने में संघ ने कई अहम मांगों को मजबूती से रखा, जिनमें नवनियुक्त कर्मियों की गृह जिला में पदस्थापना और शीघ्र सेवा संपुष्टि, पुरानी पेंशन योजना की बहाली, ऑनलाइन कार्य के लिए सरकारी लैपटॉप, डेटा पैक क्षेत्र भ्रमण हेतु ईंधन सहित दोपहिया वाहन, 10 वर्ष की सेवा पूरी करने वालों को राजस्व अधिकारी पद पर प्रोन्नति

### बोले कर्मी अब चुप नहीं बैटेंगे

धरने के अंत में कर्मचारियों ने साफ चेतावनी दी कि यदि सरकार और विभाग ने जल्द ही इन जायज मांगों पर संज्ञान नहीं लिया और उत्पीड़न बंद नहीं हुआ, तो आंदोलन को राज्यव्यापी और उग्र किया जाएगा।

# बक्सर में इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न दोनों पालियों में रहा संतोषजनक उपस्थिति प्रतिशत

**केटी न्यूज/बक्सर**

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट वार्षिक सैद्धांतिक परीक्षा के तहत गुरुवार को बक्सर जिला अंतर्गत सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त माहौल में संपन्न हुई। जिला नियंत्रण कक्ष से प्राप्त आधिकारिक जानकारी के अनुसार परीक्षा के दौरान विधि-व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह सामान्य रही और किसी भी केंद्र से किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।



प्रथम पाली में भौतिकी विषय की परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें कुल 9,446 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 9,336 परीक्षार्थी परीक्षा में उपस्थित हुए, जबकि 100 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। इस पाली में किसी भी परीक्षार्थी को कदाचार के आरोप में निष्कासित नहीं किया गया, जो प्रशासनिक सख्ती और परीक्षार्थियों की अनुशासित सहभागिता को दशार्ता है।

वहीं द्वितीय पाली में भूगोल एवं बिजनेस स्टडीज विषय की परीक्षा संपन्न हुई। इस पाली में कुल 12,351 परीक्षार्थी परीक्षा के लिए निर्धारित थे, जिनमें से 12,205 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। जबकि 146 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस पाली में भी निष्कासन की कोई घटना सामने नहीं आई, जिससे यह स्पष्ट होता है कि सभी परीक्षा केंद्रों पर कदाचार रोकने के लिए की गई व्यवस्थाएं प्रभावी रहीं।

जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए थे। सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी, पुलिस बल एवं केंद्राधीक्षक की तैनाती की गई थी। साथ ही जिला नियंत्रण कक्ष से पूरे दिन परीक्षा की सतत निगरानी की जाती रही। उड़नदस्ता दल भी सक्रिय रहे, जिन्होंने विभिन्न केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

जिला नियंत्रण कक्ष के अधिकारियों ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों से परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न होने की रिपोर्ट प्राप्त हुई है। परीक्षार्थियों को निर्धारित समय पर प्रवेश, बैठने की समुचित व्यवस्था तथा आवश्यक निदेशों का पालन कराया गया।

प्रशासन ने परीक्षार्थियों से आगामी परीक्षाओं में भी अनुशासन बनाए रखने की अपील की है, ताकि परीक्षा प्रक्रिया पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनी रहे।




# ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था की गहन समीक्षा

- जिलाधिकारी साहिला ने सीसीटीवी, अग्निशमन यंत्र व साफ-सफाई व्यवस्था का लिया जायजा



**केटी न्यूज/बक्सर**

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निदेशानुसार गुरुवार को बक्सर प्रखंड परिसर स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी साहिला द्वारा किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य वेयरहाउस में रखे गए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) एवं वीवीपैट की सुरक्षा, संरक्षा और रख-रखाव व्यवस्था का आकलन करना था।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के आलोक में वेयरहाउस की संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने वेयरहाउस परिसर में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता की जांच की तथा यह सुनिश्चित किया कि सभी कैमरे ठीक प्रकार से कार्य कर रहे हों और उनकी निगरानी व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित हो रही हो। इसके साथ ही अग्निशमन यंत्रों की स्थिति एवं उनकी कार्यक्षमता की भी जांच की गई, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई संभव हो सके।

जिलाधिकारी साहिला ने वेयरहाउस में साफ-सफाई की व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने उप निर्वाचन पदाधिकारी, बक्सर को निर्देश दिया कि वेयरहाउस में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए और बिजली संचालन में किसी प्रकार की बाधा न हो, ताकि ईवीएम एवं वीवीपैट की सुरक्षा और संरक्षण में कोई कमी न रह जाए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी संबंधित पदाधिकारी आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें और समय-समय पर निरीक्षण कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाएं।

निरीक्षण के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी बक्सर, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल बक्सर सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण को लेकर प्रशासनिक महकमे में गंभीरता देखी गई और इसे निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## फाइलों की अव्यवस्था और देर से आने वाले कर्मियों पर कसा शिकंजा

# स्थापना शाखा में जिलाधिकारी ने लापरवाही पर जताई सख्त नाराजगी



**केटी न्यूज/बक्सर**

जिला प्रशासन की सुस्ती और वर्षों से लंबित मामलों पर अब सीधा प्रहार शुरू हो गया है। गुरुवार को जिलाधिकारी साहिला ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत स्थापना शाखा बक्सर का औचक निरीक्षण कर कार्यालयी व्यवस्था की पोल खोल दी। निरीक्षण के दौरान फाइलों की अव्यवस्था, काम में देरी, बायोमैट्रिक उपस्थिति में लापरवाही और कर्मचारियों की ढीली कार्यशैली पर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाया। निरीक्षण साफ संकेत देता है कि अब प्रशासनिक कामकाज पुराने ढर्रे पर नहीं चलेगा और हर स्तर पर जवाबदेही तय की जाएगी।

**अनुकम्पा और सेवांत लाभ में देरी पर प्रशासन सख्त**

निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने अनुकम्पा नियुक्ति और सेवांत लाभ से जुड़े मामलों की स्थिति की गहन समीक्षा की। पाया गया कि कई मामले अनावश्यक रूप से लंबित हैं, जिससे संबंधित लाभुक वर्षों से भटक रहे हैं। इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि ऐसे सभी मामलों का त्वरित और समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने दो टूक कहा कि मानवीय आधार पर जुड़े इन मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**प्रोन्नति, एसीपी/एमएसीपी और सेवा संपुष्टि में टालमटोल खत्म**

कर्मचारियों के प्रोन्नति, एसीपी/एमएसीपी और सेवा संपुष्टि से जुड़े मामलों को लेकर भी जिलाधिकारी ने सख्त रुख अपनाया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन विषयों पर विशेष बैठक आयोजित कर समयसीमा के भीतर निर्णय लिया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि फाइलें रोककर रखना या एक-दूसरे पर जिम्मेदारी टालना अब नहीं चलेगा। हर अधिकारी को अपने स्तर पर जवाब देना होगा।

### फाइलों का अंबार और अव्यवस्थित रिकॉर्ड पर फटकार

स्थापना शाखा में संचिकाओं की स्थिति देखकर जिलाधिकारी असंतुष्ट दिखीं। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी फाइलों को वगीर्कृत कर विधिवत संधारित किया जाए और संबंधित आलमीरा या रैक पर स्पष्ट विवरणी अंकित हो। साथ ही यह भी कहा गया कि जो संचिकाएं अब अकार्यरत हैं, उन्हें विभागीय नियमों के अनुसार अभिलेखागार में भेजा जाए। रिकॉर्ड प्रबंधन में लापरवाही को प्रशासनिक अपराध की श्रेणी में मानने का संकेत भी उन्होंने दिया।

### देर से आने वाले कर्मियों को सुनाई खरी-खरी

निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि कई कर्मी नियमित रूप से देर से कार्यालय पहुंचते हैं और काम की गुणवत्ता पर इसका सीधा असर पड़ रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि कार्य योजना बनाकर कार्यालय अवधि में ही गुणवत्तापूर्ण कार्य निष्पादित किया जाए। उन्होंने कहा कि ह्लकार्यालय समय केवल उपस्थिति के लिए नहीं, बल्कि जनहित के कार्यों के निष्पादन के लिए है।

### बायोमैट्रिक में लापरवाही पर कारण बताओ नोटिस की तैयारी

बायोमैट्रिक प्रणाली के बावजूद कई कर्मियों द्वारा उपस्थिति दर्ज न कराने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने कड़ा ऐक्शन लिया। उन्होंने निर्देश दिया कि ऐसे कर्मियों से कारण पृच्छा की जाए और संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। यह स्पष्ट कर दिया गया कि तकनीकी व्यवस्था के रहते लापरवाही अब सीधे अनुशासनहीनता मानी जाएगी।

### साफ-सफाई और कार्यसंस्कृति सुधार पर जोर

कार्यालय परिसर की स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी ने प्रत्येक सप्ताह विशेष साफ-सफाई अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण से ही बेहतर कार्यसंस्कृति विकसित होती है।

### निरीक्षण से साफ संदेशरू अब जवाबदेही तय होगी

स्थापना शाखा में जिलाधिकारी का यह निरीक्षण महज औपचारिकता नहीं, बल्कि प्रशासनिक सुधार की ठोस शुरूआत मानी जा रही है। संदेश साफ है, लापरवाही, देरी और अव्यवस्था के दिन अब खत्म होने वाले हैं। अब देखना यह होगा कि दिए गए निर्देश कागजों तक सीमित रहते हैं या वास्तव में प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार की तस्वीर जमीन पर भी दिखाई देती है।

## एक नजर

### नगर परिषद में होल्डिंग टैक्स को लेकर एजेंसी व पार्षद आमने-सामने

**डुमरांव।** होल्डिंग टैक्स की वसूली के लिये बहाल एजेंसी नियम के विरूद्ध हटकर काम कर रही है। इसकी शिकायत आए दिन नप के अधिकारियों से लेकर चेयरमैन और पार्षदों के पहुंच रही है। उसी को लेकर गुरूवार को कार्यवाहक चेयरमैन विकास ठाकुर ने पार्षदों के साथ नप कार्यालय में एक बैठक की। बैठक में उपस्थित पार्षदों ने होल्डिंग टैक्स वसूली को लेकर जमकर हंगामा किया। कार्यवाहक चेयरमैन के समझाने पर सभी शांत हुए फिर अपनी बातों से उन्हें अवगत कराया। पार्षदों की बात सुन कार्यवाहक चेयरमैन भी काफी नाराज हुए, फिर उन्होंने एजेंसी के कर्मी को बुलाकर जमकर क्लास लगाया। कुछ पार्षदों का यह भी कहना था की लोगों से मिल शटलमेंट करने का भी दबाव बनाया जाता है, इसका टेप भी एक वार्ड पार्षद ने सभापति के समक्ष प्रस्तुत किया। विदित हो कि नगर परिषद के जनप्रतिनिधियों के द्वारा जब होल्डिंग टैक्स वसूली कर रही एजेंसी, पर मनमानीपूर्ण कार्य करने का आरोप लगाया गया तो उसे कार्यवाहक चेयरमैन ने काफी गंभीरता से लिया। फिर एजेसी के कर्मी को बुलाकर पूछताछ शुरू की, इस दौरान जो भी उसके द्वारा बात कही गई, सभी अधारवीहिन रहे। तिखी बहस के दौरान मामला इतना बढ़ गया कि कार्यवाहक सभापति विकास कुमार व वार्ड पार्षदों ने सर्वसम्मति से होल्डिंग टैक्स वसूली पर अस्थायी रोक लगाने का निर्णय ले लिया। इस अवसर पर श्यामजी वर्मा, पवन गोंड, विजय सिंह कुशवाहा, आनंद राय सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक में मुख्य मुद्दा सरकार के नगर एवं आवास विभाग द्वारा जारी नई नियमावली का अनुपालन न होना रहा।

**सरकारी आदेश का हो रहा खुला उल्लंघन :** बैठक में उपस्थित पार्षदों ने बताया कि नगर एवं आवास विभाग, बिहार सरकार द्वारा सितंबर 2025 में सभी नगर निकायों को एक पत्र जारी किया गया था। इस पत्र में स्पष्ट निर्देश दिया गया था कि होल्डिंग टैक्स के बकाया मामलों में 31 मार्च 2026 तक डोमेस्टिक और कमर्शियल दोनों प्रकार के उपभोक्ताओं को ब्याज और पेनाल्टी से पूरी तरह छूट दी जाए। सरकार का उद्देश्य अधिक से अधिक करदाताओं को राहत देकर टैक्स वसूली को बढ़ावा देना था, लेकिन डुमरांव नगर परिषद में नई अनुबंधित एजेंसी के कर्मचारी उपभोक्ताओं को यह कहकर टैक्स वसूल रहे हैं कि केवल ब्याज माफ है, जबकि पेनाल्टी की वसूली की जा रही है। पार्षदों का यह भी आरोप था कि यह वसूली सीधे तौर पर सरकार की गाइडलाइंस के खिलाफ है, जिससे आम उपभोक्ताओं पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

### रंगदारी की फिराक में निकले दो बदमाश हथियार के साथ गिरफ्तार

**राजपुर।** चौसा-नुआंव मुख्य पथ पर रंगदारी और अवैध हथियार के दम पर दहशत फैलाने की साजिश रच रहे दो युवकों की योजना पुलिस की सतर्कता के आगे धराशायी हो गई। गुप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए राजपुर पुलिस ने हथियार के साथ बाइक सवार दोनों युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई से इलाके में अपराधियों के हौसले पर करारा प्रहार हुआ है। पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, चार फरवरी को पुलिस को पुख्ता सूचना मिली थी कि दो युवक एक बाइक पर सवार होकर चौसा-नुआंव मुख्य पथ होते हुए रोहिनी भान डेरा गांव की ओर जा रहे हैं और उनके पास हथियार है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए एसडीपीओ गौरव पांडेय के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया। टीम ने मुख्य पथ पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया। बड़ी-छोटी सभी गाड़ियों की बारीकी से तलाशी ली जा रही थी। इसी दौरान एक पीले रंग की रीडर मोटरसाइकिल को रोकने का इशारा किया गया, लेकिन बाइक सवार युवक भागने लगे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पीछा कर दोनों को धर दबोचा। तलाशी के दौरान एक देशी कट्टा बरामद किया गया, जिसे तत्काल जप्त कर लिया गया। गिरफ्तार युवकों की पहचान राजपुर थाना क्षेत्र के डिहरी निवासी सत्यम राय पिता अनिल राय और राजा बाबू शर्मा पिता नित्यानंद शर्मा के रूप में की गई है। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि वे हथियार लेकर लोगों को डराने-धमकाने और शादी-पार्टी जैसे आयोजनों में अवैध रूप से हथियार लहराकर दहशत फैलाते थे। पुलिस ने दोनों के खिलाफ कांड संख्या 34/26 दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में प्रयुक्त बाइक को भी जप्त कर लिया गया है। इस सफल अभियान में राजपुर थाना अध्यक्ष निवास कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक चंदन कुमार, एसआई सुभाष कुमार तथा डीआईयू टीम के सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर आम लोगों में भरोसा बढ़ा है, वहीं असामाजिक तत्वों को सख्त संदेश भी मिला है।

## कृषि अनुमंडल कार्यालय से प्रखंड कार्यालयों में भेजे जाएंगे 62 किस्म के तकनीकी संसाधन

**डुमरांव।** सरकार के द्वारा किसानों निपुण और सशक्त बनाने को लेकर आए दिन नियम बनाकर उन्हें लाभान्वित कर रही है। उसी तरह से सरकार चाहती है कि प्रखंड में स्थापित कृषि कार्यालयो को भी निपुण और सशक्त बनाने की दिशा में अहम कदम उठाया है। कृषि कार्यों में पारदर्शिता, दक्षता और सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कुल 62 किस्म के आवश्यक तकनीकी एवं कार्याल संसाधन प्रखंड स्तर पर भेजे जा रहे हैं। इन संसाधनों में रजिस्टर, सफाई से जुड़े उपकरण, बोर्ड फाइल, गार्ड फाइल, कूट रजिस्टर, अटेंडेंस रजिस्टर, निरीक्षण पंजी, माउस पैड, कीबोर्ड सहित कई महत्वपूर्ण सामग्री शामिल हैं। इन संसाधनों की आपूर्ति से कार्यालयों में दस्तावेजीकरण, अभिलेख संधारण और दैनिक कार्यों के निष्पादन में सहूलियत होगी। अनुमंडल कृषि कार्यालय से भेजे गए समानों के संबंध में अनुमंडल कृषि पदाधिकारी वेद प्रकाश ने बताया कि यह सभी संसाधन चक्की, केसठ, सिमरी, ब्रह्मपुर और नावानगर प्रखंड कृषि कार्यालयों को भेजे गए हैं। उनका कहना है कि संसाधनों की कमी के कारण प्रखंड स्तर पर कृषि योजनाओं के क्रियान्वयन में कई बार दिक्कतें आती रहती हैं। आवश्यक सामग्री उपलब्ध होने से किसानों से जुड़े कार्यों को समयबद्ध और व्यवस्थित ढंग से पूरा किया जा सकेगा। उनका यह भी कहना था कि सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं, जैसे बीज वितरण, उर्वरक प्रबंधन, किसान पंजीकरण और निरीक्षण कार्यों में कार्यालयों की भूमिका बेहद अहम होती है। ऐसे में कार्यालयों को तकनीकी और प्रशासनिक रूप से सक्षम बनाना जरूरी है।

## सुरेश प्रसाद बने राजपुर के नये बीईओ, पुराने शिक्षा पदाधिकारी का हुआ तबादला

**केटी न्यूज/राजपुर**

राजपुर प्रखंड के बीआरसी सभा कक्ष में गुरुवार को शिक्षा प्रशासन से जुड़ा एक अहम बदलाव देखने को मिला। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ज्ञानू प्रताप सिंह के स्थानांतरण के अवसर पर जहां उन्हें भावभीनी विदाई दी गई, वहीं नए प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुरेश प्रसाद ने औपचारिक रूप से कार्यभार संभाल लिया। यह कार्यक्रम केवल विदाई तक सीमित नहीं रहा, बल्कि प्रखंड में शिक्षा की दिशा और दशा को लेकर आगे की रूपरेखा भी तय हुई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक नेता धनंजय मिश्र ने की। बीआरसी सभागार में उपस्थित शिक्षकों और कर्मियों ने ज्ञानू प्रताप सिंह को बुके एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।



अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि बीते एक वर्ष उनके लिए चुनौतीपूर्ण रहे, लेकिन सरकार के निदेशों के अनुरूप सभी शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों को सुव्यवस्थित ढंग से पूरा किया गया। उन्होंने इस सफलता का श्रेय बीआरसी कर्मियों और शिक्षकों की टीम भावना को दिया और उम्मीद जताई कि आगे भी विद्यालयों में सकारात्मक माहौल बनाकर शिक्षा स्तर को ऊंचा किया जाएगा।

कार्यभार ग्रहण करने के बाद नए प्रभारी बीईओ सुरेश प्रसाद ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उनकी प्राथमिकता स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारना होगी। उन्होंने समय पर विद्यालय संचालन, नियमित शिक्षण, बच्चों को प्रोत्साहन और शिक्षकों की सक्रिय भूमिका पर जोर दिया। साथ ही यह भी कहा कि शिक्षा में व्यापक सुधार के लिए सभी विद्यालयों को समय-समय पर विशेष टास्क दिए जाएंगे, ताकि परिणाम धरातल पर दिखे।

पूर्व बीआरपी विनोद पांडेय ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि ज्ञानू प्रताप सिंह के कार्यकाल में राजपुर के स्कूलों में अनुशासन और सकारात्मक शैक्षणिक माहौल बना, जो लंबे समय तक याद रखा जाएगा।

कार्यक्रम में शिक्षक ब्रजेश राय, मिथिलेश ठाकुर, शिवजी दूबे, जितेंद्र सिंह, पंकज पांडेय, सिकंदर सिंह, ऑपरेटर प्रकाश सिंह, राजीव रंजन सिंह, आदित्य कुमार सहित अनेक शिक्षक व कर्मी उपस्थित रहे। कुल मिलाकर यह अवसर शिक्षा व्यवस्था में बदलाव और नई उम्मीदों का संदेश देकर संपन्न हुआ।

# जिलाधिकारी साहिला ने लोक शिकायत की द्वितीय अपील की सुनवाई, 14 मामलों पर हुई सुनवाई, 6 का निष्पादन

**केटी न्यूज/बक्सर**

समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय कक्ष एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुरुवार को जिलाधिकारी साहिला द्वारा लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत द्वितीय अपील की सुनवाई की गई। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों से प्राप्त कुल 14 लोक शिकायत निवारण से संबंधित मामलों की विस्तृत सुनवाई की गई, जिसमें से 6 मामलों का निष्पादन जिलाधिकारी द्वारा मौके पर ही किया गया। सुनवाई के क्रम में जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से एक-एक कर मामलों की स्थिति की जानकारी ली और शिकायतकताओं द्वारा उठाई गई समस्याओं की गंभीरता से समीक्षा की।





उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि लोक शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

जिलाधिकारी ने कहा कि लोक शिकायत निवारण प्रणाली शासन और जनता के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने लंबित मामलों में शीघ्र कार्रवाई करने तथा भविष्य में ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए विभागीय समन्वय को और मजबूत करने पर बल दिया।


सुनवाई में स्थापना उप समाहर्ता बक्सर, जिला पंचायत राज पदाधिकारी बक्सर, विद्युत अवर प्रमंडल डुमरांव एवं इटाढ़ी के अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रखंड विकास पदाधिकारी राजपुर एवं सिमरी, अंचलाधिकारी बक्सर एवं ब्रह्मपुर, साथ ही थानाध्यक्ष सिमरी और वासुदेवा ओपी भी शामिल हुए।

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोक शिकायतों से जुड़े मामलों को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पादित करें तथा शिकायतकताओं को संतोषजनक समाधान उपलब्ध कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन का उद्देश्य केवल मामलों का निपटारा नहीं, बल्कि जनता का विश्वास अर्जित करना है।

## फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर प्रखंड स्तरीय समन्वयक समिति की बैठक संपन्न, 10 से 27 फरवरी तक चलेगा दवा अभियान

**केटी न्यूज/केसठ**

प्रखंड परिसर स्थित मनरेगा भवन के सभागार में गुरुवार को फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर प्रखंड स्तरीय समन्वयक समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विनय कुमार ने की, जबकि संचालन वीबीडीएस उपेन्द्र पांडे ने किया। बैठक के दौरान फाइलेरिया रोग की गंभीरता, इसके लक्षण, रोकथाम और उन्मूलन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि फाइलेरिया एक दीर्घकालिक और अपंगता उत्पन्न करने वाला रोग है, जिसे सामूहिक दवा सेवन अभियान के माध्यम से जड़ से खत्म किया जा सकता है। इसी उद्देश्य से प्रखंड के सभी पंचायतों में आगामी 10 फरवरी से 27 फरवरी तक फाइलेरिया रोधी दवा सेवन अभियान चलाया जाएगा।बताया गया कि इस अभियान के सफल संचालन के लिए कुल 23 टीमों का गठन किया गया है, जबकि 46 दवा वितरकों की नियुक्ति की गई है। दवा का वितरण वीटी के माध्यम से घर-घर या कैंप लगाकर किया जाएगा, ताकि कोई भी लक्षित व्यक्ति दवा सेवन से वंचित न रह जाए।





अधिकारियों ने जानकारी दी कि 24 फरवरी तक गांवों में घर-घर दवा खिलाई जाएगी, जबकि 25 से 27 फरवरी तक सरकारी विद्यालयों और आंगनवाड़ी केंद्रों में विशेष कैंप लगाकर दवा सेवन कराया जाएगा। इसके अलावा प्रखंड क्षेत्र के कुल 8 ईंट भट्ठों पर कार्यरत मजदूरों को भी फाइलेरिया की दवा खिलाने की विशेष व्यवस्था की गई है।बैठक में स्वास्थ्य प्रबंधक सुशील कुमार, पीरामल संस्था के समर श्रीवास्तव, डीआरपी त्रिभुवन सिंह, कन्हैया रजक सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी, प्रखंड कर्मी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। सभी ने अभियान को सफल बनाने के लिए आपसी समन्वय और जनजागरूकता पर विशेष जोर दिया।

# बिक्रमगंज : एसडीएम प्रभात कुमार ने वकील उदय पर पुनः दर्ज कराई मानहानि केस

■ **एसडीएम बोलें..वकील ने दोबारा जानबूझ कर वायरल की अभद्र टिप्पणी**

**केटी न्यूज/रोहतास**

अनुमंडल पदाधिकारी एसडीएम प्रभात कुमार के विरुद्ध वकील उदय प्रताप यादव ने दूसरी बार प्रशासनिक कानून नियमों को ताख पर सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी को वायरल किया है। जिसके बाद एसडीएम ने संज्ञान लेते हुए अधिवक्ता उदय प्रताप यादव के खिलाफ पुनः दोबारा सोशल मीडिया पर अभद्र और अपमानजनक




टिप्पणी करने के आरोप में बुधवार को स्थानीय थाना बिक्रमगंज में प्राथमिकी दर्ज कराया है। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए उन्होंने लिखा कि अधिवक्ता उदय प्रताप यादव ने कुछ दिन पहले भी सोशल मीडिया पर



एसडीएम के विरुद्ध अभद्र भाषा,अपमानजनक और मान हानिकारक अशब्द शब्दों का प्रयोग किया था। जिस मामले में बिक्रमगंज थाने में कांड संख्या 62/26 दर्ज किया गया था, जिसमें अभियुक्त को बिक्रमगंज न्यायालय से जमानत मिली थी। जमानत मिलने के बाद,अधिवक्ता ने विगत 2 फरवरी 2026 को दोबारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म तहत मोबाइल व्हाट्सऐप पर बिक्रमगंज अनुमंडल के सर्वोच्च पदाधिकारी एसडीएम को "लफुआ" जैसे अभद्र शब्दों से संबोधित करते हुए सार्वजनिक रूप से पोस्ट किया। प्राथमिकी में इस कृत्य को एक सरकारी पदाधिकारी की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने,सरकारी कार्य से विरत करने,समाज में अपमानित करने तथा कानून और न्यायालय की अवहेलना का गंभीर मामला बताया गया है। एसडीएम द्वारा प्राथमिकी में यह भी उल्लेख किया गया है कि अधिवक्ता द्वारा यह कृत्य जानबूझ कर और दुर्भावना से बार-बार किया जा रहा है। दूसरी तरफ इस संदर्भ में बिक्रमगंज थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात कुमार की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए पुलिस इस मामले में छानबीन कर रही है। जिस जांच के सत्यापित होने पर अधिवक्ता पर कानूनी कार्रवाई हो सकती है।

# नीतीश सरकार का बड़ा फैसला : दीघा पर्यटन घाट पर होगी भव्य गंगा आरती, बनेगा शानदार समग्र उद्यान



**एजेंसी। पटना**

बिहार की राजधानी पटना को पर्यटन के वैश्विक मानचित्र पर उभारने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को दीघा पर्यटन घाट का सघन निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जनार्दन घाट को विकसित कर इसे एक पक्का घाट बनाया जाए और यहां वाराणसी की तर्ज पर भव्य गंगा आरती की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पर्यटन विभाग के अधिकारियों को दीघा घाट पर एक समग्र उद्यान निर्माण का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि गंगा किनारे आने वाले पर्यटकों के लिए केवल सुंदरता ही नहीं, बल्कि उच्च स्तरीय बुनियादी सुविधाएं भी होनी चाहिए। इस संबंध में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि गंगा की सैर पर आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को किसी तरह की असुविधा नहीं होनी चाहिए। यहां की व्यवस्था ऐसी हो कि लोग सपरिवार आकर आनंद उठा सकें। दीघा घाट के बाद मुख्यमंत्री ने जेपी सेतु के समानांतर बन रहे नये सिक्स लेन गंगा ब्रिज के निर्माण कार्य का भी मुआयना किया। इस प्रोजेक्ट को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने निर्माण कार्य को तय समय के भीतर और तेज गति से पूरा करने का निर्देश दिया। बताया जाता है कि इस पुल के शुरू होने से पुराने जेपी सेतु पर यातायात का भारी दबाव कम होगा। यह नया पुल उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच आवागमन को और अधिक सुलभ और तेज बना देगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, पर्यटन विभाग के सचिव नीलेश रामचन्द्र देव, नगर आयुक्त यशपाल मीणा और पटना के डीएम डॉ. त्यागराजन एस.एम. सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## पर्यटकों के लिए बनेगा समग्र उद्यान

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पर्यटन विभाग के अधिकारियों को दीघा घाट पर एक समग्र उद्यान निर्माण का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि गंगा किनारे आने वाले पर्यटकों के लिए केवल सुंदरता ही नहीं, बल्कि उच्च स्तरीय बुनियादी सुविधाएं भी होनी चाहिए। इस संबंध में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि गंगा की सैर पर आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को किसी तरह की असुविधा नहीं होनी चाहिए। यहां की व्यवस्था ऐसी हो कि लोग सपरिवार आकर आनंद उठा सकें।

## उत्तर और दक्षिण बिहार की बढ़ेगी

दीघा घाट के बाद मुख्यमंत्री ने जेपी सेतु के समानांतर बन रहे नये सिक्स लेन गंगा ब्रिज के निर्माण कार्य का भी मुआयना किया। इस प्रोजेक्ट को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने निर्माण कार्य को तय समय के भीतर और तेज गति से पूरा करने का निर्देश दिया। बताया जाता है कि इस पुल के शुरू होने से पुराने जेपी सेतु पर यातायात का भारी दबाव कम होगा। यह नया पुल उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच आवागमन को और अधिक सुलभ और तेज बना देगा।

## सात दिवसीय महायज्ञ के जलभरी यात्रा में भक्तों की उमड़ी भीड़

**उदवंतनगर।** प्रखंड क्षेत्र के कारीसाथ गांव में 7 दिवसीय महायज्ञ प्रवचन का हुआ शुभारंभ। अवसर पर शिव देवी हनुमत धाम के प्रांगण से जलभरी के लिए रवाना होते हुए गांव का भ्रमण करते हुए गांव के उत्तर मठिया पर जलभरी का प्रोग्राम किया गया। इसमें हजारों छोटे बच्चे कन्या माताएं बहने और गांव के लोग भाग लिए। पहले विधिवत पूजा पाठकरके जल भारी का प्रोग्राम शुरू हुआ वहां पर पूरे विधि विधान के साथ में पूजा पुनः किया गया और उसके बाद जग साल' में जल भारी करके पानी रखा गया। उसके बाद शाम को 3 बजे बनारस से आए हुए योगेंद्र शास्त्री द्वारा राम कथा का शुरूआत किया गया ।सबसे पहले पूजा पाठ करके कथा का शुरू किया गया इसमें भाईबरमेश्वर संभावना स्कूल के प्रिंसिपल अर्चना सिंह भारतीय सेना के रिटायर जनरल एसके सिंह क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष राम कुमार सिंह भोजपुरिया जन मोर्चा के अध्यक्ष भरत सिंह सहयोगी बखोरापुर मंदिर के कमल सिंह भोजपुरिया जनमोर्चा के विनोद सिंह समाज से सोनाली सिंह एवं पूर्व सैनिक लोग मौजूद थे। जिन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजित यज्ञ शाला में अग्नि प्रवेश किया जाएगा और हवन पूजा दिनभर चलता रहेगा। जिसमें शास्त्रीजी द्वारा राम कथा कहा जाएगा कथा सुनने के लिए गांव के सैकड़ो लोग माताएं बहने भाई बंधु बच्चे सब उपस्थित थे।

## बेरोजगार युवाओं के लिए 7 फरवरी को लगेगा जॉब कैम्प

**नवादा** । जिला नियोजन पदाधिकारी, सुनील कुमार सुमन ने बताया कि युवा,रोजगार एवं कौशल विकास विभाग,बिहार के निदेशानुसार जिला नियोजनालय सह मॉडल कैरियर सेंटर द्वारा 07 फरवरी को संयुक्त श्रम भवन सरकारी आईटीआई,नवादा के प्रांगण में एकदिवसीय रोजगार कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार कैम्प में फ्रिडम एम्प्लॉयबिलिटी एकेडमी द्वारा शिक्षक पद के लिए 10 रिक्तियां अधिसूचित की गई हैं। उक्त पद हेतु शैक्षणिक योग्यता स्नातक के साथ बेसिक अंग्रेजी का ज्ञान होना आवश्यक है। वेतन 14500 रुपए के साथ रूम रेंट 3000 रुपए ईपीएफ एवं ईएसआईसी की सुविधा देय होगी। पात्र अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 45 वर्ष निर्धारित है।

# डुमरिया हत्याकांड मामलें में संलिप्त पांच कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

■ **एसपी ने हत्याकांड मामले उद्भेदन पर की प्रेसवार्ता**

**केटी न्यूज/रोहतास**

सासाराम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के डुमरिया गांव में कोई एक सप्ताह पूर्व हुई दो लोगों की हत्या के मामले में कुख्यात अपराधी पप्पू सिंह सहित पांच लोगों की गिरफ्तारी की गई है।

रोहतास पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार द्वारा अपने डिहरी कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि सासाराम मु. थाना को सूचना प्राप्त हुई कि सासाराम मु० थानांतर्गत डुमरियाँ ग्राम में विनय कुमार प्रजापति रामजीत प्रजापति सा. तिलौथु एवं रूपेश सिंह पे.जलेश्वर सिंह सा.उचैला थाना-अमझोर दोनों जिला-रोहतास को पप्पु सिंह उर्फ विनय कुमार सिंह पे. स्व.महेन्द्र सिंह सा डुमरियाँ थाना सासाराम, मु.जिला-रोहतास एवं अन्य अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दिया गया है जिसके संदर्भ में उक्त काण्ड दर्ज



किया गया। इस घटना की गंभीरता को देखते हुए काण्ड का उद्भेदन एवं संलिप्त अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी के लिए त्वरित कार्रवाई करते हुए अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी 02, सासाराम के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। वही कांड के अनुसंधान एवं तकनिकी विश्लेषणोपरांत आये तथ्यों के आधार पर पप्पु सिंह उर्फ विनय कुमार सिंह के साथी अज्ञात अपराधकर्मी, आशीष रंजन उर्फ मन्नु,छोटु कुमार,अरूण कुमार,दिलीप सिंह एवं विशाल कुमार की संलिप्तता पायी गयी है। गठित विशेष पुलिस टीम के द्वारा आशीष रंजन उर्फ मन्नु पे.जितेन्द्र सिंह,केउढ़ी थाना-कुदरा जिला-कैमूर एवं छोटु कुमार पे.शंकर चौरसिया सा०-डिलिया थाना-डिहरी नगर जिला-रोहतास को पूर्व में ही न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है। पुलिस के बढ़ते दविश के कारण प्राथमिकी अभियुक्त पप्पु सिंह उर्फ विनय कुमार सिंह ने 31जनवरी को माननीय न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया।

## एक नजर

### इंटरमीडिएट परीक्षा के तीसरे दिन फर्जी मुन्ना भाई परीक्षार्थी गिरफ्तार

**नवादा।** इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा के तीसरे दिन गुरुवार को नवादा जिले में शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं कदाचार-मुक्त वातावरण में सम्पन्न हुआ। जिला नियंत्रण कक्ष, नवादा से प्राप्त सूचना के अनुसार जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा सुचारु रूप से संचालित की गई। सभी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी परीक्षा केन्द्रों पर निरंतर निरीक्षण एवं भ्रमणशील रूप से उपस्थित रहे तथा सभी परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। परीक्षा के तीसरे दिन प्रथम पाली में भौतिकी तथा द्वितीय पाली में जियोग्राफी एवं बिजनेस स्टडी विषय की परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा दो पालियों में सम्पन्न हुई, जिसमें प्रथम पाली पूर्वाह्न 9:30 बजे से अपराह्न 12:45 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 02:00 बजे से अपराह्न 5:15 बजे तक आयोजित की गई। गुरुवार को उपस्थिति के अनुसार प्रथम पाली में कुल 20342 परीक्षार्थियों में से 20150 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 192 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। वहीं एक परीक्षार्थी प्रोजेक्ट कन्या इंटर स्कूल,हिसुआ से फर्जी पाए गए, जिनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की गई। द्वितीय पाली में कुल 11639 परीक्षार्थियों में से 11460 परीक्षार्थी उपस्थित रहे एवं 179 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए, जबकि 11 परीक्षार्थियों को कदाचार के प्रयास में निष्कासित किया गया। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखने हेतु कदाचार के किसी भी प्रयास पर सख्त एवं विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है तथा आगे भी परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाते रहेंगे।

### सात दिवसीय महायज्ञ के जलभरी यात्रा में भक्तों की उमड़ी भीड़

**उदवंतनगर।** प्रखंड क्षेत्र के कारीसाथ गांव में 7 दिवसीय महायज्ञ प्रवचन का हुआ शुभारंभ। अवसर पर शिव देवी हनुमत धाम के प्रांगण से जलभरी के लिए रवाना होते हुए गांव का भ्रमण करते हुए गांव के उत्तर मठिया पर जलभरी का प्रोग्राम किया गया। इसमें हजारों छोटे बच्चे कन्या माताएं बहने और गांव के लोग भाग लिए। पहले विधिवत पूजा पाठकरके जल भारी का प्रोग्राम शुरू हुआ वहां पर पूरे विधि विधान के साथ में पूजा पुनः किया गया और उसके बाद जग साल' में जल भारी करके पानी रखा गया। उसके बाद शाम को 3 बजे बनारस से आए हुए योगेंद्र शास्त्री द्वारा राम कथा का शुरूआत किया गया ।सबसे पहले पूजा पाठ करके कथा का शुरू किया गया इसमें भाईबरमेश्वर संभावना स्कूल के प्रिंसिपल अर्चना सिंह भारतीय सेना के रिटायर जनरल एसके सिंह क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष राम कुमार सिंह भोजपुरिया जन मोर्चा के अध्यक्ष भरत सिंह सहयोगी बखोरापुर मंदिर के कमल सिंह भोजपुरिया जनमोर्चा के विनोद सिंह समाज से सोनाली सिंह एवं पूर्व सैनिक लोग मौजूद थे। जिन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजित यज्ञ शाला में अग्नि प्रवेश किया जाएगा और हवन पूजा दिनभर चलता रहेगा। जिसमें शास्त्रीजी द्वारा राम कथा कहा जाएगा कथा सुनने के लिए गांव के सैकड़ो लोग माताएं बहने भाई बंधु बच्चे सब उपस्थित थे।

### नौ साल से फरार वारंटी को पुलिस ने भेजा जेल

**काराकाट।** काराकाट पुलिस ने विगत 9 साल पुराने एक मामले में फरार चल रहे एनबीडब्ल्यू वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया। काराकाट थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि सासाराम न्यायालय में दर्ज कांड संख्या 493/17 के मामले में चौगाई गांव निवासी मुनि शर्मा के पुत्र राधेश्याम शर्मा के खिलाफ एनबीडब्ल्यू वारंट जारी हुआ था। इस मामले में आरोपी कई दिनों से फरार चल रहा था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि राधेश्याम अपने घर में छिपा हुआ है। सूचना पर पुलिस टीम ने छापा मारा और उसे दबोच लिया। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने कहा कि आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। उन्होंने क्षेत्रवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि थाना क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अपराधी गतिविधियां बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। विवेक कुमार ने आगे बताया कि अपराध पर अंकुश लगाने के लिए गश्ती तेज कर दी गई है। साथ ही, छापामारी अभियान को भी बढ़ा दिया गया है।

### अवैध शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**कोचस।** गुरुवार को स्थानीय पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 96 पीस अंग्रेजी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी विकाश कुमार पिता बंशीधर साह ग्राम लहेरी थाना कोचस जिला रोहतास का बताया जाता है। इसकी जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि नगर पंचायत कोचस मे शराब की बिक्री के लिए शराब छुपा कर रखी गई है, तभी पुलिस टीम ने उक्त स्थल पर पहुंच छापेमारी कर 96 पीस एट पीएम फ्रूटी अंग्रेजी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया है, गिरफ्तारी बाद पुलिस मध्य निषेध अधिनियम के तहत कांड दर्ज कर कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद अग्रतर कार्रवाई कर आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

### अपहरण कांड का आरोपी गिरफ्तार

**कोचस।** युवती अपहरण मामले में पुलिस ने गुरुवार को एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। इस संदर्भ में थाना अध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि स्थानीय थाने में एक युवती की अपहरण की पीड़ित पिता ने नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जहां पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी सरोज कुमार पिता मोतीलाल चौहान को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी बाद पुलिस कानूनी कार्रवाई पूरी कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

# होली पर घर आना चाहते हैं तो आपके लिए है 285 स्पेशल ट्रेन, ईसीटार ने दी जानकारी

**एजेंसी। पटना**

होली के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनको सुगम आवागमन की सुविधा मुहैया कराने हेतु भारतीय रेलवे द्वारा 01 मार्च से 22 मार्च के मध्य अभी तक 1410 होली स्पेशल ट्रेन (ट्रिप) के परिचालन का निर्णय लिया गया है । इसमें पूर्व मध्य रेल द्वारा 285 होली स्पेशल ट्रेन (ट्रिप) का परिचालन किया जायेगा । इनमें से कुछ ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार है :-

1. गाड़ी सं. 09821/09822 सोगरिया(कोटा)-दानापुर-सोगरिया स्पेशल (कटनी-प्रयागराज छिवकी-डीडीयू-बक्सर-आरा के रास्ते)- गाड़ी सं. 09821 सोगरिया-दानापुर स्पेशल 28.02.2026 एवं 07.03.2026 शनिवार को सोगरिया (कोटा) से होली स्पेशल के रूप में 23.10 बजे खुलकर अगले दिन



20.00 बजे डीडीयू रूकते हुए 23.45 बजे दानापुर पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी सं. 09822 दानापुर-सोगरिया स्पेशल 02.03.2026 एवं 09.03.2026 सोमवार को दानापुर से होली स्पेशल के रूप में 01.15 बजे खुलकर 05.15 बजे डीडीयू रूकते हुए अगले दिन 01.10 बजे सोगरिया पहुंचेगी ।

2. गाड़ी सं. 01667/01668 रानीकमलापति-दानापुर-रानीकमलापति स्पेशल (इटारसी-जबलपुर- प्रयागराज छिवकी-डीडीयू-आरा के रास्ते)- गाड़ी सं. 01667 रानी कमलापति-दानापुर स्पेशल 27.02.2026 एवं 02.03.2026 को रानी कमलापति से होली स्पेशल के रूप में 14.25 बजे खुलकर अगले दिन 05.40 बजे डीडीयू रूकते हुए 08.45 बजे दानापुर पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी सं. 01668 दानापुर-रानी कमलापति स्पेशल 28.02.2026 एवं 03.03.2026 को दानापुर से होली स्पेशल के रूप में 11.15 बजे खुलकर 17.00 बजे डीडीयू रूकते हुए अगले दिन 08.55 बजे रानी कमलापति पहुंचेगी ।

3. गाड़ी सं. 01665/01666 रानीकमलापति-अगरतला-रानीकमलापति स्पेशल (डीडीयू-दानापुर- पाटलिपुत्र-हाजीपुर-बरौनी-कटिहार के रास्ते) - गाड़ी सं. 01665 रानी कमलापति-अगरतला स्पेशल 05.03.2026 से प्रत्येक गुरूवार को रानी कमलापति से होली स्पेशल के रूप में 15.20 बजे खुलकर दूसरे दिन 10.10 बजे पाटलिपुत्र रूकते हुए तीसरे दिन 18.55 बजे अगरतला पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी सं. 01666 अगरतला-रानी कमलापति स्पेशल 08.03.2026 से प्रत्येक रविवार को अगरतला से होली स्पेशल के रूप में 17.20 बजे खुलकर दूसरे दिन 22.25 बजे पाटलिपुत्र रूकते हुए तीसरे दिन 16.35 बजे रानी कमलापति पहुंचेगी ।

4. गाड़ी सं. 09525/09526 हापा-नाहरलगुन-हापा स्पेशल (वाराणसी-बलिया-छपरा-हाजीपुर - बरौनी-कटिहार के रास्ते) - गाड़ी सं. 09525 हापा-नाहरलगुन स्पेशल 04.03.2026 से प्रत्येक बुधवार को हापा से होली स्पेशल के रूप में 00.40 बजे खुलकर दूसरे दिन 17.00 बजे हाजीपुर रूकते हुए तीसरे दिन 16.00 बजे नाहरलगुन पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी सं. 09526 नाहरलगुन-हापा स्पेशल 07.03.2026 से प्रत्येक शनिवार को नाहरलगुन से होली स्पेशल के रूप में 09.40 बजे खुलकर दूसरे दिन 07.15 बजे हाजीपुर रूकते हुए चौथे दिन 00.30 बजे हापा पहुंचेगी।

यात्रीगण रेल परिचालन से जुड़ी किसी भी प्रकार की अद्यतन जानकारी रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 डायल कर अथवा नेशनल ट्रेन इंक्वायरी सिस्टम (एन.टी.ई.एस) वेब पोर्टल या मोबाइल एप से प्राप्त कर सकते हैं। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने इस बात की जानकारी दी।

# आपदा बचाव पर विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**केटी न्यूज/आरा**

जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय आपदा मोचन बल द्वारा जिले के सभी प्रखंडों में चरणबद्ध तरीके से फैमिलियराइजेशन एक्सरसाइज का आयोजन प्रारंभ। इसी क्रम में गुरुवार को स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम का आयोजन सुहासत साहदेव प्लस टू विद्यालय,संदेश में किया गया, जिसमें कुल 140 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इनमें 70 छात्राएं 50 छात्र,10 प्रखंड स्तरीय कर्मी एवं 10 विद्यालय कर्मी शामिल थे। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य जिला एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों के बीच समन्वय को सुदृढ़ करना तथा आम




नागरिकों को आपदा के प्रति जागरूक करना है, ताकि आपात स्थिति में वे घबराने के बजाय सही एवं सुरक्षित व्यवहार अपना सकें। अभ्यास के दौरान एनडीआरएफ द्वारा आपदा से पहले,आपदा के दौरान एवं आपदा के बाद अपनाए जाने वाले सावधानी उपायों, स्वयं-सहायता एवं प्राथमिक प्रतिक्रिया के तरीकों की जानकारी दी गई। साथ ही राहत एवं बचाव कार्यों की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया। यह पहल जिले को आपदा के प्रति अधिक सजग, सक्षम एवं सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# विधानसभा में विजय सिन्हा और भाई वीरेंद्र के बीच भिडंत, स्पीकर ने संभाली स्थिति



**एजेंसी। पटना**

बिहार विधानसभा के बजट सत्र के दौरान को सदन में एक बार फिर तीखी बहस देखने को मिली, जब राजद नेता भाई वीरेंद्र और भाजपा के विधायक विजय सिन्हा के बीच जुबानी भिड़ंत हो गई। मामला उस समय बढ़ गया जब तेजस्वी यादव ने सरकार पर निशाना साधते हुए कुछ तीखे सवाल उठाए, और विजय सिन्हा ने सीधे तौर पर उन्हें जवाब दिया। विजय सिन्हा ने सदन में कहा, "हम तेजस्वी यादव जी के दुख को समझते हैं, इसलिए उन्हें बैठकर बोलने के लिए कहा। तेजस्वी कह रहे थे कि गलत हुआ, लेकिन गलत करने का ठेका तो इन लोगों के पास है। पूरा देश जानता है जंगलराज का युवराज कौन है। लोकतंत्र को परिवारतंत्र बनाने वाले और जानवरों का चारा चुराने वाले उपदेश ना दें।" सिन्हा ने तेजस्वी पर व्यक्तिगत हमला करते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष को पहले अपने घर की बेटियों की इज्जत करना सीखनी चाहिए और बिहार की चिंता छोड़ देनी चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य की जिम्मेदारी के लिए डबल इंजन की सरकार जिम्मेदार है। उनके इस बयान ने सदन में राजनीतिक गर्माहट बढ़ा दी और विपक्षी दलों के सदस्य तीखी प्रतिक्रिया देने लगे। बातचीत के दौरान, राजद के विधायक भाई वीरेंद्र ने सिन्हा की बातों को टोकना शुरू कर दिया। वीरेंद्र ने कहा कि यह अस्वीकार्य है और उन्होंने पीएम मोदी को लेकर कुछ गलत शब्दों का जिक्र किया उसके बाद इसके बाद दोनों नेताओं के बीच तकरार में वृद्धि हो गई, और माहौल और तनावपूर्ण हो गया। सदन की कार्यवाही को नियंत्रित करने के लिए स्पीकर ने तुरंत हस्तक्षेप किया और दोनों पक्षों से शांत रहने की अपील की। स्पीकर ने कहा कि सदन में सभी नेताओं को सम्मानपूर्वक अपनी बात रखने का अधिकार है, लेकिन व्यक्तिगत आरोप और अपमानजनक टिप्पणियां स्वीकार्य नहीं हैं। उन्होंने कहा कि विधायकों को अपने व्यवहार में संयम दिखाना होगा और विधानसभा की गरिमा को बनाए रखना होगा। इस घटना के बाद सदन में हंगामा हुआ, लेकिन स्पीकर के हस्तक्षेप से स्थिति को काबू में किया गया। कई विधायक बीच में आकर मामला शांत करने की कोशिश कर रहे थे, और सदन में थोड़ी देर बाद बहस फिर से सामान्य रूप से चलने लगी।

# सार्वजनिक स्थलों पर फूहड़ गाने बजाए तो खैर नहीं, उप मुख्यमंत्री ने जारी किए आदेश



**एजेंसी। पटना**

समाज में फूहड़ता परोसने वालों और महिलाओं की गरिमा से खिलवाड़ करने वाले गानों पर अब सीधे प्राथमिकी दर्ज होगी। आदेश का उल्लंघन करने वालों को जेल की हवा भी खानी पड़ सकती है। बिहार में बसों, ऑटो और सार्वजनिक स्थलों पर बजने वाले अश्लील गानों के दिन अब लदने वाले हैं। बिहार के डिप्टी सीएम सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने अश्लीलता फैलाने वाले तत्वों के खिलाफ बेहद सख्त रुख अख्तियार किया है। उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि समाज में फूहड़ता परोसने वालों और महिलाओं की गरिमा से खिलवाड़ करने वाले गानों पर अब सीधे प्राथमिकी दर्ज होगी। आदेश का उल्लंघन करने वालों को जेल की हवा भी खानी पड़ सकती है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों और वरिष्ठ अधिकारियों को एक विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया है। इस आदेश के तहत अब बस, ट्रक, ऑटो-रिक्शा और अन्य सार्वजनिक वाहनों में दोहरे अर्थ वाले भोजपुरी, मगही, मैथिली या किसी भी अन्य भाषा के गाने बजाना अपराध की श्रेणी में आएगा। पुलिस को निर्देश दिया गया है कि वे सड़कों पर उतरकर औचक निरीक्षण करें और दोषी पाए जाने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करें।

## इस वजह से से लिया गया फैसला

Ban on Obscene Songs दरअसल, बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट का उद्देश्य है कि सार्वजनिक तौर पर बजने वाले अश्लील गानों से समाज व बच्चों को बुरा प्रभाव पड़ता है। इन अश्लील गाने से न केवल महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा को ठेस पहुंचाते हैं, बल्कि समाज में फूहड़ता को भी बढ़ावा मिलता हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों पर इन गानों का नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है, जिससे उनके मानसिकता पर गलत असर पड़ रहा है। इसके अलावा महिला के सुरक्षा के लिए भी अश्लील गानों पर लोग लगाना अनिवार्य हो गया है।

## पुलिस अधिकारियों को दिए ये निर्देश

सम्राट चौधरी ने फैसला लेते हुए सभी जिले के पुलिस अधिकारियों को विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया है। साथ ही उन्होंने इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस को सख्त कानूनी कार्रवाई करने का आदेश दिया है।

## बच्चों की मानसिकता और महिला सुरक्षा पर खतरा

इस कड़े फैसले के पीछे की वजह स्पष्ट करते हुए सम्राट चौधरी ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर बजने वाले अश्लील गानों का सबसे बुरा असर बच्चों की कोमल मानसिकता पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ये गाने न केवल समाज में गंदगी फैलाते हैं, बल्कि महिलाओं की सुरक्षा और उनके सम्मान को भी गहरी चोट पहुंचाते हैं। समाज को इस फूहड़ता से मुक्त कराना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अश्लीलता फैलाने वाले वीडियो या ऑडियो के खिलाफ कोई समझौता नहीं होगा। सार्वजनिक स्थलों पर नियम तोड़ने वालों पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। साथ ही सार्वजनिक परिवहन की निगरानी बढ़ाई जाएगी। सम्राट चौधरी ने कहा कि भोजपुरी और क्षेत्रीय भाषाओं की गरिमा वापस लाने के लिए यह कदम उठाया गया

## सोशल मीडिया और डीजे पर भी नजर

बताया जा रहा है कि इस आदेश के बाद अब पुलिस शादी-ब्याह और अन्य आयोजनों में बजने वाले डीजे पर भी नजर रखेगी। सरकार का मानना है कि अश्लील शब्द और दोहरे अर्थ वाले संवाद समाज में हिंसा और छेड़खानी जैसी घटनाओं को बढ़ावा देते हैं। गृह मंत्री सम्राट चौधरी के इस आदेश के बाद पुलिस मुख्यालय स्तर पर इसकी गाइडलाइन तैयार की जा रही है ताकि जल्द ही पूरे प्रदेश में धरपकड़ शुरू की जा सके।

## एक नजर

### नवादा से गिरफ्तार हुआ मुजफ्फरपुर का कुख्यात अपराधी जॉन्सन उर्फ शशांक राज, 16 मामलों में था फरार

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर जिले का कुख्यात अपराधी शशांक राज उर्फ जॉन्सन, जो करीब डेढ़ दर्जन आपराधिक मामलों में फरार चल रहा था, आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। विशेष टीम ने उसे नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस उससे पूछताछ कर आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है। यह कार्रवाई एसडीपीओ टाउन-2 बिनीता सिन्हा के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई। टीम में ब्रह्मपुरा थाना प्रभारी विजय लक्ष्मी भी शामिल रहीं। आरोपी को पकड़ने के बाद ब्रह्मपुरा थाना पुलिस ने उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, शशांक राज उर्फ जॉन्सन ने बीते वर्ष 30 और 31 अक्तूबर 2024 की रात दरभंगा जिले में ट्रक चालक दिनेश मंडल की रंगदारी नहीं देने पर गोली मारकर हत्या कर दी थी। मृतक का शव ट्रक के केबिन में ही बरामद हुआ था, जिसके सिर में गोली लगी हुई थी। मृतक के परिजनों के बयान पर मामला दर्ज होने के बाद पुलिस लगातार आरोपी की तलाश कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि जॉन्सन नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र में छिपा हुआ है। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम को वहां भेजा गया और आरोपी को उसके ठिकाने से गिरफ्तार कर लिया गया। नगर पुलिस अधीक्षक मोहिबुल्लाह अंसारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ लूट, हत्या, रंगदारी और अपहरण जैसे गंभीर अपराधों के कुल 16 मामले दर्ज हैं। पुलिस अब उससे पूछताछ कर उसके गिरोह और अन्य सहयोगियों की जानकारी जुटा रही है। फरार अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### लग्जरी कार से शराब की तस्करी, 27 लीटर विदेशी शराब के साथ 2 धंधेबाज गिरफ्तार

**सहरसा।** होली पर्व को लेकर शराब की संभावित तस्करी की सूचना पर सहरसा में उत्पाद विभाग और जिला पुलिस पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में उत्पाद विभाग की टीम द्वारा विभिन्न सड़कों पर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान बैजनाथपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गम्हरिया रेलवे ढाला के पास एक लग्जरी चार पहिया वाहन को रोका गया। तलाशी के दौरान कार के बोनट के नीचे इंजन के पास छिपाकर रखी गई 26.910 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद की गई। मौके से कार चालक बैजनाथपुर थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या 22 निवासी मो. इस्लाम के पुत्र मो. साबिर और उसी वार्ड के निवासी चंदेश्वरी पोद्दार के पुत्र दीपक कुमार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने शराब तस्करी में प्रयुक्त हुंडई कार (नंबर इफ 01 इढ 7752) को भी जब्त कर लिया। इस संबंध में मद्यनिषेध निरीक्षक सह थानाध्यक्ष संजीत कुमार ने बताया कि गम्हरिया ढाला के पास वाहन जांच के दौरान यह कार्रवाई की गई। छापामारी टीम में एएसआई महेश कुमार, बौआ लाल राय सहित उत्पाद बल के अन्य जवान शामिल थे।

### बाढ़ लूटकांड का आरोपी सन्नी तमिलनाडु से गिरफ्तार, कई मामलों में था फरार

**बाढ़।** बाढ़ अनुमंडल में हुए लूटकांड के एक आरोपी को बिहार पुलिस ने तमिलनाडु से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी की पहचान सनी कुमार के रूप में हुई है, जो शेखपुरा जिले के मेहुस थाना क्षेत्र का निवासी है। सनी कुमार वर्ष 2024 से बाढ़ थाना कांड संख्या 389/24 और 450/24 समेत कई मामलों में फरार चल रहा था। पुलिस के अनुसार, सनी कुमार स्वर्ण व्यवसाय से जुड़े लूटकांड में शामिल था। उसकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लगातार उसके मूवमेंट पर नजर बनाए हुए थी। इसी क्रम में उसे तमिलनाडु के कोयंबटूर से गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में बाढ़ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आनंद कुमार सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सनी कुमार के खिलाफ बाढ़ सहित कई थानों में आपराधिक मामले दर्ज हैं और लंबे समय से उसकी तलाश की जा रही थी। पुलिस अब उससे पूछताछ कर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

# दलालों के खिलाफ पटना के एनएमसीएच में रेड, दो आरोपी गिरफ्तार, पटना सिटी के रहने वाले हैं दोनों

**एजेंसी। पटना**

पटना जिला प्रशासन द्वारा सभी स्वास्थ्य संस्थानों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। अस्पतालों में अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए ऐसा किया जा रहा है। कल बुधवार को फ्लाइंग स्क्वायड ने पीएमसीएच और एनएमसीएच का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान अस्पताल परिसर से एक दलाल को पकड़ा गया था वही एक सफाई कर्मी को मरीजों और परिजनों से पैसा लेते पकड़े जाने पर टर्मिनेट कर दिया गया था। आज गुरुवार को फिर पटना सिटी के आलमगंज थाना क्षेत्र स्थित एनएमसीएच अस्पताल परिसर में अवैध गतिविधियों में संलिप्त दलालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने छापेमारी कर दो दलालों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार दलालों की पहचान पटना सिटी के बाइपास थाना क्षेत्र स्थित बेगमपुर निवासी अशोक यादव के बेटे दीपक कुमार और आलमगंज थाना क्षेत्र के बजरंग पाटलिग्राम निवासी मंजे लाल सिंह के बेटे चुन्नू कुमार के रूप में की गई है। छापेमारी के उपरांत की गई तलाशी के क्रम में दीपक कुमार के पास से जनता मेडिकल हॉल की पर्ची बरामद की गई, जबकि चुन्नू कुमार के पास से वैक्सो वेन स्टराइल हाइपॉडर्मिक सिरिंग (ऋङ्क१ ग्ल्लॅी वरी) तथा रक्त संग्रह के पश्चात उपयोग में लाए जाने वाले चिपकने वाला स्वाब (कुल 103 पीस) बरामद किए गए, जिन्हें विधिवत जब्त कर लिया गया है। इस संबंध में आलमगंज थाना कांड संख्या 110/26, दिनांक 04.02.2026, अंतर्गत धारा 318 (4) /316(2) /308(3) /351(2) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा अभियुक्तों के विरुद्ध अग्रतर विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग को ऐसी सूचनाएं प्राप्त हो रही है कि सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में निजी नर्सिंग होम, निजी जाँच घर/एक्स-रे, निजी मेडिसीन प्रतिष्ठानों के कर्मी ईलाज हेतु आ रहे मरीजों को निजी नर्सिंग होम में ईलाज कराने, जाँच कराने तथा दवा के क्रय हेतु गुमराह कर रहे हैं। अतः इस पर सख्तीपूर्वक रोक लगाने के लिए सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों एवं सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय का निरीक्षण कराए जाने हेतु निरीक्षण दल का गठन करने हेतु सभी जिलों के जिला पदाधिकारियों को सूचित किया गया है।

# मधुबनी : अंतर्राष्ट्रीय साइबर फ्रॉड गिरोह का पदार्फाश, चार ठग गिरफ्तार

**एजेंसी। पटना**

बिहार के मधुबनी जिले में अंतर्राष्ट्रीय साइबर फ्रॉड गिरोह का पुलिस ने खुलासा किया है। गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से 7 सिम बॉक्स, 136 मोबाइल और सिम, कई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, 1,68,000 रुपए और अन्य उपकरण बरामद किए गए। खुफिया इनपुट के आधार पर यह कार्रवाई की गई, जिसमें व्ह, एडव, उ्र्रव्र, ररइ, उ्रडळ, नगर थाना और साइबर थाना की टीम शामिल रही। नगर थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन स्थित मोबाइल रिपेयरिंग सेंटर में छापेमारी की गई। इसके बाद विकास कुमार, रौशन कुमार, मोहम्मद एहसान और सुरेश सिंह के आवास पर भी छापेमारी की गई। मौके से सुरेश सिंह के बेटे मंदीप कुमार को गिरफ्तार किया गया। मधुबनी रढ योगेंद्र कुमार ने बताया कि मंदीप कुमार अपने घर के कमरे में निजी कंपनियों के डिवाइस और सिम बॉक्स का उपयोग कर ट्रंकल सिस्टम के माध्यम से कंबोडिया, थाईलैंड, म्यांमार समेत अन्य देशों में बैठे साइबर फ्रॉडर्स के साथ मिलकर साइबर ठगी करता था। गिरफ्तार आरोपियों ने दूसरों के नाम पर सिम निकालकर अंतर्राष्ट्रीय साइबर ठगी की योजना बनाई। कुल 1,68,000 रुपए और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण व दस्तावेज पुलिस के अनुसार अवैध टेलीकॉम एक्सचेंज चलाया जा रहा था, जिसके जरिए अंतर्राष्ट्रीय श्डक्ढ कॉल को लोकल वॉइस कॉल में बदलकर साइबर अपराध किया जा रहा था। पुलिस अधीक्षक ने विशेष टीम का गठन कर तकनीकी जाँच और खुफिया जानकारी के आधार पर मंदीप कुमार के घर छापेमारी की। पूछताछ में मंदीप ने बताया कि 7 सिम बॉक्स और सिम की सप्लाई में रौशन कुमार मदद करता था, जिसके लिए प्रति सिम 800 रुपए भुगतान किया जाता था। सीम बंद होने पर उसे जलाया जाता था।

# गुजरात में धूम मचाने वाली अभिनेत्री - मॉडल इशिका टोरिया अब धमाल मचाएंगी वर्ल्ड वाइड रिकॉर्ड्स के भोजपुरी गाने व फिल्मो में

**गुजरात में लोकप्रिय अभिनेत्री-मॉडल इशिका टोरिया अब भोजपुरी गानों में दिखेंगी**



**एजेंसी। पटना**

गुजराती म्यूजिक इंडस्ट्री में अपनी खास पहचान बना चुकी अभिनेत्री और मॉडल इशिका टोरिया अब भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री में कदम रखने जा रही हैं। 80 से अधिक गुजराती म्यूजिक वीडियोज में काम कर चुकी इशिका जल्द ही वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के नए गानों व फिल्मो में नजर आएंगी। गुजराती और पंजाबी के बाद अब उनका भोजपुरी में आना दर्शकों के लिए एक नया आकर्षण होगा। इसको कंफर्म करते हुए वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के रत्नाकर कुमार ने इशिका की तारीफ करते हुए कहा कि उनमें टैलेंट और मेहनत का बेजोड़ मेल है। उनके जरिए हम भोजपुरी में नई प्रतिभा को इंट्रोड्यूस करवा रहे हैं, जो बेहद खास होने वाली है। उन्होंने विश्वास जताया कि इशिका भोजपुरी दर्शकों को भी अपने अभिनय और अंदाज से प्रभावित करेंगी। वहीं, इशिका टोरिया ने भी वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स से जुड़ने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी म्यूजिक कंपनी के साथ काम करना उनके लिए गर्व की बात है और वह दर्शकों के लिए आने वाले समय में कुछ खास और यादगार लेकर आएंगी। साथ ही उन्होंने रत्नाकर कुमार का भी आभार जताया। बता दें कि इंडस्ट्री में भी उनकी भोजपुरी एंट्री को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। बता दें कि इशिका टोरिया वर्ष 2015 से एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में सक्रिय हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरूआत एक बाल कलाकार के रूप में की थी और धीरे-धीरे गुजराती इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाई। उनकी मेहनत और स्क्रीन प्रेजेंस ने उन्हें युवाओं के बीच काफी लोकप्रिय बनाया है। इशिका ने अब तक दो गुजराती फिल्मों लव नो भवाड़ो और 3 चक्करम में अभिनय किया है। इसके साथ ही वह कुछ पंजाबी म्यूजिक वीडियोज में भी नजर आ चुकी हैं। इशिका का अनुभव और अलग अंदाज उन्हें अन्य कलाकारों से अलग बनाता है।

# बिहार के 8 जिलों में बिगड़ा रहेगा मौसम का हाल

**मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के लिए जारी की एडवाइजरी**



**एजेंसी। पटना**

मौसम विज्ञान केंद्र पटना ने 6 फरवरी तक के लिए जारी किये पूवार्नुमान में बताया कि बिहार के कई जिलों में सुबह के समय घना कोहरा देखने को मिल सकता है. पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज जिलों में घने कोहरे की संभावना जताई गई है. इन जिलों के लिए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है.मौसम विज्ञान केंद्र पटना ने बताया कि बिहार के बाकी जिलों में फिलहाल किसी तरह की चेतावनी नहीं दी गई है. दक्षिण बिहार और मध्य बिहार के जिलों में मौसम सामान्य बना रहेगा. इन इलाकों में आसमान साफ रहेगा और दिन में हल्की धूप देखने को मिलेगी. तापमान की बात करें तो बिहार में न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की गई है. न्यूनतम तापमान 10.3 डिग्री सेल्सियस सिवान में रिकॉर्ड किया गया है. कई जिलों में रात का तापमान 11 से 14 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा. दिन का तापमान 24 से 25 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है. पटना शहर के मौसम की बात करें तो आने वाले कुछ दिनों तक मौसम साफ रहेगा. अधिकतम तापमान लगभग 24 से 25 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12 से 14 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है. सुबह हल्की ठंड और शाम के समय ठंडक महसूस होगी।

## बाकी जिलों में कैसा रहेगा मौसम का हाल

मौसम विज्ञान केंद्र पटना ने बताया कि बिहार के बाकी जिलों में फिलहाल किसी तरह की चेतावनी नहीं दी गई है. दक्षिण बिहार और मध्य बिहार के जिलों में मौसम सामान्य बना रहेगा. इन इलाकों में आसमान साफ रहेगा और दिन में हल्की धूप देखने को मिलेगी. तापमान की बात करें तो बिहार में न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की गई है. न्यूनतम तापमान 10.3 डिग्री सेल्सियस सिवान में रिकॉर्ड किया गया है. कई जिलों में रात का तापमान 11 से 14 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा. दिन का तापमान 24 से 25 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है।

# मधुबनी पुलिस की बड़ी कार्रवाई : टीओपी-10 अपराधी और गांजा तस्कर नरेश यादव गिरफ्तार

**एजेंसी। पटना**

बिहार में 10 साल से पूर्ण शराबबंदी लागू है। जब से बिहार में शराबबंदी लागू हुई तब से कुछ लोग सुखा नशा करने लगे हैं। नशे के लिए अब स्मैक और गांजा का इस्तेमाल कर रहे हैं। मादक पदार्थों की तस्करी में लगे लोगों पर पुलिस लगातार कार्रवाई लगातार करती है, लेकिन ये लोग अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे हैं। जेल जाने के बाद फिर छूटकर बाहर आ जाते हैं और शराब के साथ-साथ मादक पदार्थों की तस्करी में फिर से जुट जाते हैं। इस बार मधुबनी पुलिस ने एक बड़े मादक तस्कर और इलाके के टॉप 10 अपराधी को दबोचा है। मधुबनी जिले की सहारघाट थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए मादक पदार्थ तस्करी के टॉप-10 अपराधी नरेश यादव को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी हरलाखी थाना क्षेत्र के गंगौर गांव से की गई है। बताया जा रहा है कि नरेश यादव 19 जुलाई 2025 को हरलाखी थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर पर बालू के नीचे गांजा छुपाकर तस्करी कर रहा था। इसी दौरान पुलिस को देखकर वह मौके से फरार हो गया था। तभी से पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी।